## सुविचार



किसी भी स्वाभिमानी व्यक्ति के लिए सोने की बेड़ियां, लोहे की बेड़ियों से कम कठोर नहीं होगी। चुभन धातु में नहीं वरन् बेड़ियों में होती है।
- महात्मा गांधी


### लखनऊ के प्रमुख समाचार

- शिक्षक ने की हर्ष फायरिंग, एलडीए चालक की मौत II
- बिजली विभाग का नया खेल, घरेलू कनेक्शनों को... III
- 4277 ने छोड़ी अंग्रेजी, कृषि व सामाजिक विज्ञान की परीक्षा IV




### रमजान का चौथा दिन

| सहरी | इफ्तार |
|---|---|
| सुन्नी : 5:15 | सुन्नी : 6:05 |
| शिया : 5:05 | शिया : 6:15 |

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

### शहर में आज



- एकेडमिक रिसोर्स पर्सन्स एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश की शैक्षणिक एवं संगठनात्मक चिंतन बैठक 12 .30 बजे
- महाराजा अग्रसेन पार्क से श्याम सतरंगी ध्वजा शोभायात्रा खाटू श्याम मन्दिर के लिए रवाना पूर्वाह्न 11 बजे

### सिटी ब्रीफ

#### आज खुले रहेंगे जलकल विभाग के जोनल कार्यालय

**अमृत विचार, लखनऊ :** जलकल विभाग के सभी जोनल कार्यालय एवं कैश काउंटर रविवार को अवकाश के दिन खुले रहेंगे। जलकल महाप्रबंधक कुलदीप सिंह ने समस्त अधिशासी अभियंताओं को इसके निर्देश जारी किए हैं। नागरिक इस सुविधा का लाभ उठाते हुए अपने भवन का बकाया जल एवं सीवर कर का भुगतान कर सकते हैं।

#### 50 लाख बकाये पर सीएमएस का सीवर व वाटर कनेक्शन किया बंद

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम के जलकल विभाग ने जोन 4 में सीवर एवं वाटर टैक्स बकाये पर सीएमएस सहित दो प्रमुख संस्थानों के कनेक्शन बंद कर दिए। अधिशासी अभियंता जोन 4 अमरेंद्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। गोमती नगर स्थित सीएमएस, विशाल खंड–1 पर सीवर एवं पानी का कुल 50 लाख 70 हजार 456 रुपये बकाया था। कई बार नोटिस जारी करने और भुगतान के लिए समय देने के बाद भी बकाया राशि जमा नहीं की गई। इसके अलावा विनीत खंड, गोमती नगर स्थित इमाकुलेट कॉन्सेप्शन कॉन्वेंट स्कूल पर 19 लाख 06 हजार 583 रुपये का बकाया होने पर सीवर कनेक्शन भी बंद कर दिया।

#### आज जुड़वा सकते हैं मतदाता सूची में नाम

**अमृत विचार, लखनऊ :** विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए रविवार को विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिसमें सभी बूथ लेवल ऑफिसर मतदान केंद्रों पर सुबह 10 :30 से 1:30 बजे तक उपस्थित रहेंगे। यह जानकारी जिलाधिकारी विशाख जी ने दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर पात्र नागरिक मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिए आवेदन फार्म भर सकते हैं। 1 जनवरी 2026 को 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके युवा मतदाता बनने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

# फूलों से बनीं आकृतियों ने मोहा मन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- महानगर ई-पार्क में पुष्प प्रदर्शनी का महापौर ने किया शुभारंभ
- आज शाम 4 बजे तक जनता के लिये खुली रहेगी प्रदर्शनी

अमृत विचार : महानगर ई-पार्क में शनिवार को आयोजित पुष्प प्रदर्शनी एवं चित्रकला प्रतियोगिता में हरियाली संग रंग-बिरंगे फूलों से बनाई गयीं आकृतियां देख दर्शकों के चेहरे खिल गए। फूलों से सजाए गए शादी कं मंडप लोगों के आकर्षक का केंद्र रहे। दर्शकों ने मंडप और अन्य कलाकृतियों को सराहने के साथ सेल्फी भी ली। पार्क में फूलों से बनाई गईं मोर, श्रीकृष्ण-राधा, बतख, भारत का नक्शा, तितली, पेंगुइन आदि कलाकृतियां दर्शकों को खूब पसंद आईं।

इससे पहले प्रदर्शनी का शुभारंभ महापौर सुषमा खर्कवाल ने किया। उन्होंने नगर आयुक्त गौरव कुमार सहित अन्य जनप्रतिनिधियों, उद्यान अधीक्षक गंगाराम गौतम एवं शशिकांत शशि के साथ प्रदर्शनी का अवलोकन किया। महापौर ने बच्चों द्वारा तैयार की गईं कलात्मक पुष्प सज्जा को सराहा और महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया।



कृष्ण–राधा की आकृति के सामने सेल्फी लेती युवतियां।

### 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने दिखाई प्रतिभा

- प्रतियोगिता 24 वर्गों एवं 262 श्रेणियों के अंतर्गत आयोजित की जा रही है। शहर के विभिन्न विभागों, शैक्षणिक संस्थानों तथा आम नागरिकों सहित 1100 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। प्रत्येक वर्ग में प्रथम, द्वितीय एवं प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। सर्वाधिक पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को विनर शील्ड प्रदान की जाएगी। समस्त वर्गों में सर्वाधिक पुरस्कार विजेता को विनर कप के साथ 2100 का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। पुष्प प्रदर्शनी रविवार शाम 4 बजे समापन समारोह के साथ संपन्न होगी, जिसमें विजेताओं को सम्मानित किया जाएगा।







फूलों से बनी आकृतियों के सामने फोटो लेती युवतियां।

# सदन में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने का प्रस्ताव पास

## जियामऊ में भाजपा मुख्यालय का प्रस्ताव शासन भेजा जाएगा, कांग्रेस-सपा पार्षदों ने बिना चर्चा चोरी छिपे प्रस्ताव पास करने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- भाजपा पार्षद ने अवैध तरीके से विशेष सदन बुलाने का लगाया आरोप

**अमृत विचार :** नगर निगम के विशेष सदन की बैठक में शनिवार को वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने का प्रस्ताव पास हो गया। वहीं हजरतगंज से भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान ने विशेष सदन को अवैध बताकर बायकॉट कर दिया। पार्षद ने आरोप लगाया की विशेष सदन बुलाने से पहले किसी भी सदस्य को एजेंडा नहीं बताया गया है। इस मुद्दे पर पार्षद की महापौर से काफी देर तक कहासुनी हुई।

इसके साथ ही भाजपा का नया प्रदेश मुख्यालय जियामऊ में 58,534 वर्ग फीट में बनने से संबंधित प्रस्ताव शासन को भेजा जाएगा। यह प्रस्ताव हालांकि नगर निगम सदन के एजेंडा में शामिल नहीं था। जबकि एजेंड के अंतिम 10 नंबर में अन्य प्रस्तावों में इसे रखा गया है। इस बात को लेकर भाजपा और कांग्रेस के पार्षदों ने नाराजगी जताई। उनका कहना है कि जब आपके पास में संख्या बल था ही तो फिर क्यों चोरी छिपे भाजपा के नए मुख्यालय का प्रस्ताव पास किया गया। यह सदन की गरिमा से खिलवाड़ है। सदन में हंगामे के बीच कई योजनाओं को लेकर नगर निगम ने जमीन दिए जाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी।

**प्लांट लगाने में निगम का एक पैसा खर्च नहीं होगा :** महापौर ने मीडिया से बातचीत में कहा कि प्लांट लगाने में नगर निगम का एक भी रुपया खर्च नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि नगर निगम केवल जमीन देगा। सदन बुलाने का मुख्य उद्देश्य वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाना है। एजेंडा देने की कोई बात ही नहीं है।

**भाजपा पार्षद ने हाईकोर्ट जाने की दी चेतावनी:** भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान ने नगर निगम द्वारा बुलाई विशेष सदन की बैठक को अवैध घोषित करते हुए इसके खिलाफ हाईकोर्ट में जाने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि, वेस्ट टू एनर्जी को लेकर अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार में प्रस्ताव रखा गया था। लेकिन कंपनी नगर निगम को चूना लगाकर फरार हो गयी।



महापौर के सामने सदन में हंगामा करते पार्षद।



महापौर से आग्रह करती मालवीय क्षेत्र की पार्षद ममता चौधरी।

### नए मुख्यालय की जमीन सब लीज पर दी जाएगी

- विशेष सदन खत्म होने के बाद सबसे ज्यादा चर्चा जियामऊ स्थित दीन दयाल सेवा न्यास की जमीन को सब लीज पर भाजपा कार्यालय बनाने के प्रस्ताव को शासन भेजे जाने की रही। इसमें नगर निगम की ओर से इस प्रस्ताव पर शासन से फैसला लेने का निर्णय छोड़ा गया है। विपक्षी पार्षदों का कहना है कि सदन की बैठक में इस मुद्दे पर कोई चर्चा नहीं हुई। भाजपा पार्षदों का कहना है कि 10 नंबर में अन्य प्रस्तावों में यह शामिल है। इस बात को लेकर भाजपा पार्षद दबी जुबान में कह रहे हैं कि प्रस्ताव को शासन को ही भेजा गया है। वहीं महापौर भी इस बात को लेकर कुछ बोलने को तैयार नहीं हैं।

### वूमन हॉस्टल से लेकर शूटिंग रेंज टाउनशिप का प्रस्ताव पास

- बैठक में वेस्ट टू एनर्जी प्लांट लगाने, हरिहरपुर में मुख्य चिकित्सा कार्यालय बनाने, छठ घाट बनाने, शूटिंग रेंज टाउनशिप के लिए अमौसी में जमीन देने के प्रस्ताव, कल्याण मंडप और वूमेन हॉस्टल बनाने के प्रस्ताव को पास किया गया।

### वेस्ट टू एनर्जी प्लांट का दिखाया गया वीडियो

- सदन की बैठक में अहमदाबाद, दिल्ली, अहमदाबाद और बेंगलूर के वेस्ट टू एनर्जी मॉडल का विडियो दिखाया गया। नगर निगम की तरफ से अगले कुछ दिनों में इसके लिए जमीन चिन्हित की जाएगी।

### भाजपा और विपक्ष के पार्षदों में हुई तीखी बहस

- सदन शुरू होते ही भाजपा और कांग्रेस पार्षदों के बीच तीखी बहस शुरू हो गई। भाजपा पार्षद के बोलने पर कांग्रेस–सपा पार्षदों ने कहा कि आप बार–बार न बोलिए। इसके बाद दोनों पक्षों में अन्य पार्षदों को बीच में आना पड़ा। कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान सदन का एजेंडा न मिलने का विरोध कर रहे थे। इस बीच भाजपा पार्षद अन्नू मिश्रा कुछ बोलने लगे तो उन्होंने मना किया कि वह बार–बार न बोलें। इसी पर दोनों में तकरार हो गई। इसके बाद करीब डेढ़ घंटे तक ही सदन चल पाया।

### कांग्रेस और सपा के पार्षद हुए हमलावर

- बीजेपी मुख्यालय के लिए जमीन दिये जाने के गुपचुप प्रस्ताव पर कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। भाजपा ने सदन की गरिमा का अपमान किया ह, ऐसा नहीं होना चाहिए। क्योंकि सदन में इस बात को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। एजेंडा पहले से दिया नहीं गया। इसके बाद में जो सदन में मिला भी उसमें भी इस बात का कोई जिक्र नहीं था। सपा पार्षद राम नरेश चौरसिया ने कहा कि यह पूरी तरह से गलत है। सदन में इस बात को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई है। न ही कोई जानकारी मिली है।

### भाजपा पार्षद हुए नाराज

- बैठक में एजेंडा नहीं मिलने पर हजरतगंज से भाजपा पार्षद नागेंद्र सिंह चौहान नाराज हो गए। उन्होंने बैठक को अवैध बताया। इस बीच विपक्ष के पार्षद एजेंडा नहीं मिलने पर विरोध करने लगे। सपा पार्षद यावर हुसैन रेशु और कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान हमलावर रहे। इस बीच भाजपा पार्षद अनुराग मिश्रा अन्नू और कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान के बीच में तकरार हो गई। दोनों एक दूसरे पर नहीं बोलने देने का आरोप लगाने लगे। इस बीच कांग्रेस पार्षद ममता चौधरी सहित अन्य ने बीच–बचाव किया।

### पद की गरिमा गिरा रहे भाजपा पार्षद

- कांग्रेस पार्षद मुकेश सिंह चौहान ने महापौर को पत्र लिखकर सदन की गरिमा गिराए जाने का आरोप लगाया है। बहुत दुख के साथ लिखने पर विवश होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि भाजपा के पार्षद सदन के अध्यक्ष की गरिमा को गिरा रहे हैं। सत्ता पक्ष के पार्षद पीठासीन अध्यक्ष को निर्देश देने का दु:साहस करते हैं। यह कृत्य सदन की गरिमा के विपरीत है। साथ ही सदन के अध्यक्ष का भी अपमान है। सदन में जब विपक्षी पार्षदो द्वारा अपनी बात रखने के लिए बोलना शुरु किया गया तो लोकसभा की तरह नगर निगम सदन में भी योजनाबद्ध तरीके से सत्ता पक्ष के पार्षदों द्वारा अवरोध उत्पन्न किया जाता है।

## 2278 करोड़ के बजट पर आज कार्यकारिणी में लगेगी मुहर

**अमृत विचार, लखनऊ :** नगर निगम ने वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए 2278 करोड़ रुपये का मूल बजट तैयार किया है। महापौर सुषमा खर्कवाल की अध्यक्षता में रविवार को होने वाली कार्यकारिणी बैठक में इसे रखा जाएगा। **कूड़ा प्रबंधन पर 400 करोड़ होंगे खर्च :** बजट में कूड़ा प्रबंधन पर करीब 400 करोड़ रुपये खर्च करने का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा सड़कों की मरम्मत और नई सड़कों के निर्माण के लिए करीब 326 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। सीएम ग्रिड योजना के तहत सड़कों के निर्माण के लिए 20 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

**पुरानी देनदारी चुकाने के लिए 370 करोड़:** नगर निगम के ऊपर पुराने कार्यों की देनदारी बकाया है। इसे चुकाने के लिए बजट में करीब 370 करोड् रुपये का प्रावधान किया गया है। इसके अलावा कार्यदाई संस्थाओं को भुगतान की धनराशि भी कम की गई है। इसे 130 करोड़ से घटाकर करीब 100 करोड़ रुपये कर दिया गया है।

**अहाना एन्क्लेव पर खर्च किये जाएंगे 40 करोड़:** नगर निगम की बहुमंजिला आवासीय योजना अहाना एन्क्लेव को पूरा करने के लिए बजट में करीब 40 करोड़ रुपये का प्रस्ताव रखा गया है। इसके अलावा फ्लैट के रखरखाव पर 25 करोड़ रुपये खर्च किये जाएंगे। नए निर्माण कार्यों के लिए 7 करोड़, भवन मरम्मत के लिए 5 करोड़, मार्ग प्रकाश के लिए 16 करोड़, स्ट्रीट लाइट मरम्मत पर 6 करोड़ रुपये खर्च होंगे। इसके अलावा पार्कों के रखरखाव पर 42 करोड़ रुपये खर्च का बजट में प्रस्ताव है।

**योजना** | मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस की स्वीकृति से लखनऊ मेट्रो के ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर को मिलेगा बल

# 2,883 .93 करोड़ की वाह्य वित्तीय सहायता को मंजूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परियोजना की कुल अनुमानित लागत 5,801.05 करोड़ रुपये

**अमृत विचार:** मिनिस्ट्री ऑफ फाइनेंस के अंतर्गत आर्थिक कार्य विभाग ने लखनऊ मेट्रो के ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर के लिए 2,883.93 करोड़ रुपये के बाह्य ऋण को 20 फरवरी को सैद्धांतिक मंजूरी दी है। यह ऋण न्यू डेवलपमेंट बैंक से भारत सरकार की संप्रभु गारंटी पर लिया जाएगा। परियोजना की कुल अनुमानित लागत 5,801.05 करोड़ रुपये है।

ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन की फेज 1बी योजना के तहत विकसित होगा। लगभग 11.165 किलोमीटर लंबे इस मार्ग में 7 भूमिगत और 5 एलिवेटेड स्टेशन होंगे। यह कॉरिडोर चारबाग से वसंत कुंज तक पुराने लखनऊ के घनी आबादी वाले क्षेत्रों को जोड़ेगा तथा चारबाग स्टेशन पर मौजूदा नॉर्थ–साउथ कॉरिडोर से इंटरचेंज सुविधा प्रदान करेगा।

परियोजना पर विचार आर्थिक कार्य विभाग की अध्यक्षता में हुई स्क्रीनिंग कमेटी बैठक में किया गया, जिसमें नीति आयोग और आवासन व शहरी कार्य मंत्रालय सहित अन्य केंद्रीय मंत्रालयों ने भाग लिया। यूपीएमआरसी के प्रबंध निदेशक सुशील कुमार ने परियोजना का प्रस्तुतीकरण किया। दो प्रमुख सिविल निर्माण टेंडर जारी हो चुके हैं। अधिकारियों के अनुसार यह कॉरिडोर शहरी यातायात को सुगम बनाते हुए आर्थिक गतिविधियों को भी गति देगा।




ईस्ट–वेस्ट कॉरिडोर मेट्रो रूट।

# यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में सवर्ण मोर्चा उतरा सड़क पर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक
- परिवर्तन चौक से हजरतगंज तक निकाला मार्च

**अमृत विचार:** राजधानी में यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में सवर्ण मोर्चा ने शनिवार को जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान सैकड़ों ब्राह्मण बटुकों ने शंखनाद कर कार्यक्रम की शुरुआत की। इस दौरान सवर्ण समाज की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही। पूरे मार्ग में शंखध्वनि और नारों से माहौल गूंजता रहा। प्रदर्शनकारियों ने हाथों में तिरंगा और भगवा ध्वज लेकर परिवर्तन चौक से गांधी प्रतिमा, हजरतगंज तक शांति मार्च निकाला। बड़ी संख्या में जुटे लोगों को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने परिवर्तन चौक, केडी सिंह बाबू मेट्रो स्टेशन और हलवासिया चौराहे के पास बैरिकेडिंग की थी। मार्च के दौरान कई स्थानों पर प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक और धक्का-मुक्की हुई।

प्रदर्शनकारी गांधी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने की मांग पर अड़े रहे, लेकिन पुलिस ने उन्हें आगे बढ़ने से रोक दिया। इससे नाराज कुछ प्रदर्शनकारी सड़क पर बैठ गए और कपड़े उतारकर विरोध जताने लगे। स्थिति उस समय और तनावपूर्ण हो गई जब कुछ लोग पुलिस बस की छत पर चढ़ गए। पुलिस ने हालात को काबू में करने के लिए कई प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर बसों से इको गार्डन भेज दिया।

प्रदर्शन में यूजीसी रेगुलेशन के विरोध में इस्तीफा देने वाले पूर्व बरेली सिटी मजिस्ट्रेट अलंकार अग्निहोत्री भी शामिल हुए। उन्होंने आरोप लगाया कि सवर्ण और ओबीसी वर्ग भाजपा से दूरी बना रहा है और जल्द ही एक नई राजनीतिक पार्टी की घोषणा की जाएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा अपने मूल विचारों से भटक चुकी है। सवर्ण मोर्चा के राष्ट्रीय संयोजक प्रदीप सिंह और राष्ट्रीय प्रवक्ता पं.अभिनव नाथ त्रिपाठी ने कहा कि यूजीसी का यह नियम सवर्ण समाज के हितों के खिलाफ है। उन्होंने मांग की कि यूजीसी रेगुलेशन को तत्काल वापस लिया जाए, सवर्ण आयोग का गठन किया जाए और आर्थिक आधार पर आरक्षण लागू किया जाए। इसके अलावा सवर्ण इतिहास के संरक्षण और एससी-एसटी एक्ट के तहत दर्ज मामलों की निष्पक्ष जांच की भी मांग उठाई गई। भारी पुलिस बल की मौजूदगी में प्रदर्शन समाप्त हुआ।




प्रदर्शन करते सवर्ण मोर्चा के सदस्य।

## सिटी ब्रीफ

### 11वीं की छात्रा ने फंदा लगाकर दी जान

**अमृत विचार, लखनऊ :** पारा इलाके में 11वीं की छात्रा ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उन्नाव औरास निवासी अनिल परिवार संग पारा डॉक्टर खेड़ा में रहकर निजी काम करते हैं। उनकी बेटी डॉली कनौजिया (17) बुद्धेश्वर चौराहे के पास एक निजी स्कूल में 11वीं की छात्रा थी। भाई राहुल ने बताया कि शुक्रवार की परिवारवाले शादी समारोह में गए थे। तबीयत ठीक न होने की वजह से डॉली नहीं गई। शनिवार सुबह परिजन लौटे तो कमरे में पंखे के सहारे डॉली दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। परिजन उसे फंदे से उतारकर ऐरा हॉस्पिटल ले गए। जहां चिकित्सकों ने डॉली को मृत घोषित कर दिया।

### हादसे में मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** थाना क्षेत्र में 15 फरवरी को डाला वाहन की टक्कर से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पत्नी ने सरोजनीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्नाव के अजगैन पक्षियांव स्थित बख्त बली खेड़ा वार्ड नंबर 3 व वर्तमान में मानकनगर के कलंदर खेड़ा निवासी महिला क्रांति ने बताया कि 15 फरवरी को वह अपने पति मंगू और बेटे रवि के साथ नवाबगंज में आंख की दवा लेने गई थी। दोपहर करीब एक बजे एक छोटा हाथी चालक ने लखनऊ चलने के लिए पूछा, जिस पर वे वाहन में बैठ गए। आरोप है कि सरोजनीनगर स्थित दरोगा खेड़ा किसान पथ अंडरपास के पास चालक ने उन्हें उतार दिया। तेज रफ्तार से वाहन बढ़ाते हुए क्रांति और उनके पति को टक्कर मार दी। हादसे में क्रांति को हल्की चोटें आईं, जबकि मंगू गंभीर रूप से घायल हो गए। इलाज के दौरान मंगू की मौत हो गई। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज के आधार पर फरार चालक की तलाश शुरू कर दी है।

### हेरोइन के साथ महिला तस्कर गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने बीबीडी के पास नेपाल से नई दिल्ली जा रही बस में महिला हेरोइन तस्कर को गिरफ्तार किया। डीआरआई की टीम ने खुफिया इनपुट के आधार पर शनिवार को डीआरआई के अफसरों ने चिनहट में बीबीडी के पास घेराबंदी किया। जैसे ही नेपाल से आ रही बस सामने दिखी, उसे रोक लिया गया। यात्रियों के सामान की जांच की गई तो 3 .6 किलो हेरोइन बैग में बरामद हुई। इसकी कीमत 7 .2 करोड़ रुपये आंकी गई है। यह बैग मिजोरम की रहने वाली महिला यात्री लालरे मुआपकू को गिरफ्तार किया है। इसके पूर्व 13 फरवरी को इसी स्थान पर नेपाल से आ रही बस में यात्रा कर रहे दिल्ली के संदीप को 10 .4 करोड़ रुपये की हेरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था।

### बुजुर्ग के खाते से निकाले 99 हजार

**अमृत विचार, लखनऊ :** गोमतीनगर में यूपीआई आईडी बनाकर साइबर जालसाजों ने बुजुर्ग के खाते से 99 हजार रुपये गायब कर दिए। विभूतिखंड विजयंतखंड निवासी जगदीश प्रसाद रावत (74) ने बताया कि 31 जनवरी सुबह उनका मोबाइल फोन हनीमैन चौराहे के पास से चोरी हो गया था। ऑनलाइन रिपोर्ट दर्ज कराकर शाम को नया सिम इश्यू कराया था। 6 फरवरी को पीड़ित के मोबाइल पर बैंक तरफ से रुपये ट्रांसफर होने का मैसेज आया। पीड़ित ने बैंक जाकर अपना अकाउंट ब्लॉक करा दिया। उसके पहले ही जालसाजों ने दोबारा रुपये ट्रांसफर करा लिए। पीड़ित के मुताबिक जालसाजों ने मोबाइल नंबर के जरिए यूपीआईडी बनाकर 99 हजार से अधिक रुपये ट्रांसफर किए हैं।

### युवती को पीटा, तमंचा लगाकर धमकाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** बंथरा थाना क्षेत्र के दयालखेड़ा-बेती निवासी पूनम ने अपने भाई जितेंद्र, चचेरे भाई मनीष, उन्नाव अजगैन निवासी बहनोई संजीत और बहन ज्योति पर मारपीट व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। पीड़िता पूनम ने बताया कि 20 फरवरी की सुबह करीब 9 बजे वह अपने घर पर थी। इसी बीच जितेन्द्र, मनीष, संजीत और ज्योति ने शादी की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोप है कि सभी लोग शराब के नशे में थे। गाली-गलौज करते हुए उसे लात-घूंसों से पीटा। यही नहीं संजीत ने तमंचा सटाकर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# शिक्षक ने की हर्ष फायरिंग, एलडीए चालक की मौत

## विराट खंड में दोस्त के बेटे की शादी में शामिल होने गया था चालक, गोमतीनगर थाने में रिपोर्ट दर्ज, आरोपी की तलाश में दबिश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** गोमतीनगर के विराट खंड इलाके में दोस्त के बेटे की शादी में शामिल होने गये एलडीए चालक सुनील यादव (50) की हर्ष फायरिंग में मौत हो गई। फायरिंग शादी समारोह में शामिल होने आये शिक्षक ने की थी। घटना के बाद मौके से फरार हो गया। गोमतीनगर थाने में मृतक के बेटे ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। आरोपी की तलाश में पुलिस की तीन टीमें दबिश दे रही हैं।

गोमतीनगर के विनयखंड निवासी राम किशोर दुबे के परिवार में शादी थी। समारोह का आयोजन विराट खंड-1 स्थित सामुदायिक केन्द्र में थी। एलडीए में चालक के पद पर कार्यरत अलीगंज के बड़ा चांदगंज निवासी सुनील यादव शुक्रवार रात को शादी समारोह में शामिल होने के लिए गए थे। बेटे नमन के मुताबिक रात 11:45 बजे पिता के दोस्त नितिन शाह का फोन आया। उन्होंने बताया कि सुनील के पैर में गोली लगी है। परिजन को मैक्स अस्पताल आने के लिए कहा गया। नमन के मुताबिक वह लगभग 12 बजे अस्पताल पहुंचे तो उनके पिता अचेत अवसथा में थे। कुछ देर बाद चिकित्सकों ने पिता को मृत घोषित कर दिया। नमन के मुताबिक उनके पिता को बुलाकर गोली मारी गई है। नमन की तहरीर पर गोमती नगर थाने में आजमगढ़ के जहानगंज निवासी शाश्वत सिंह के खिलाफ गैर इरादतन हत्या की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### नशे में धुत शिक्षक ने चलाई थी गोली

नमन के मुताबिक शादी समारोह में शामिल शिक्षक शाश्वत सिंह ने लाइसेंसी पिस्तौल से गोली चलाई। इंस्पेक्टर गोमतीनगर बृजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक शुरुआती जांच में सामने आया कि शाश्वत सिंह सरकारी विद्यालय में शिक्षक है। वर्तमान में वह गोमतीनगर इलाके में रहता है। घटना के बाद से फरार है। उसकी तलाश में तीन टीमें लगाई गई हैं। जो उसके पैतृक गांव से लेकर अन्य संभावित ठिकानों पर दबिश दे रही है। आरोपी का मोबाइल बंद आ रहा है। सर्विलांस की टीम लगातार ट्रैक कर रही है। इंस्पेक्टर के मुताबिक गोली सुनील के पैर में लगी थी। अत्याधिक रक्तस्राव के कारण मौत हो गई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की असली वजह सामने आयेगी। पुलिस के मुताबिक राम किशोर दुबे एलडीए में चौकीदार हैं। दोस्त नितिन के मुताबिक अरविंद कश्यप, शाश्वत सिंह व दो अन्य लोग टेंट के पीछे शराब पी रहे थे। अचानक गोली चलने की आवाज आई। सुनील लंगड़ाते हुए टेंट से बाहर आये। उनके पैर से खून निकल रहा था। आनन-फानन सुनील को मैक्स अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उनकी मौत हो गई।

### बेकाबू कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत



**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा में शादी समारोह से घर लौट रहे बाइक सवार राजगीर मिस्त्री को बेकाबू कार ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद चालक कार लेकर भाग निकला। सूचना पर पहुंची बंथरा पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया, जहां शनिवार तड़के युवक की मौत हो गयी। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन के सुपुर्द कर दिया है। बंथरा के नरेरा गांव निवासी संजय यादव (32) राजगीर मिस्त्री था। परिवार में पत्नी ममता, बेटा साजन और बेटी सौम्या है। परिजन ने बताया कि शुक्रवार रात संजय बाइक से रामदासपुर गांव एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां से वापस आते वक्त हरौनी से सहिजनपुर रेलवे फाटक जाने वाली डिफेंस रोड पर पॉवर हाउस के पास सामने से आ रही कार ने बाइक में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोर की थी कि संजय उछलकर सड़क पर जा गिरे। संजय के दाहिना पैर क्षत-विक्षत हो गया। हादसे के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। घटना को देखकर राहगीरों की भीड़ लग गई। राहगीर ने हादसे की सूचना डॉयल-112 पर दी। सूचना पाकर बंथरा पुलिस मौके पर पहुंची और घायल को आनन-फानन में पीजीआई स्थित ट्रामा-2 लेकर पहुंचे। वहां डॉक्टर ने संजय के पैर की हालत खराब देखते हुए उसे गांठ के नीचे काटना पड़ा। इसके बाद भी संजय की हालत गंभीर बनी थी। शनिवार तड़के इलाज के दौरान संजय ने दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रशासन की सूचना पर बंथरा पुलिस पहुंची। इंस्पेक्टर बंथरा राणा राजेश सिंह ने बताया कि तहरीर मिलने पर कार चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की जाएगी।

### फंदे से लटका मिला युवक का शव

अमृत विचार, लखनऊ : बीकेटी के रैथा गांव निवासी सरोज कुमार दूध का काम करता था। पिता संतोष ने बताया कि शुक्रवार को सरोज काम से घर आया और कमरे में चला गया। कुछ देर बाद सरोज बिना बताए घर से निकल गया। देर शाम घर न आने पर परिजन ने तलाश की। तो घर के पास एक आम के बाग में एक पेड़ से सरोज फंदे से लटका था। यह देखकर ग्रामीणों ने सरोज के परिजनों को उसके लटके होने की जानकारी दी। सरोज की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिजन आननफानन आम के बाग पहुंचे। वहां देखा कि सरोज का शव रस्सी के फंदे से पेड़ की डाल से लटका था। सूचना पर पहुंची बीकेटी पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# ठाकुरगंज अस्पताल में महिला को नहीं मिला इलाज, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- परिजन ने कर्मचारी पर रिश्वत मांगने का लगाया आरोप
- उपमुख्यमंत्री से शिकायत पर दो सदस्यीय जांच कमेटी गठित

**अमृत विचार :** ठाकुरगंज संयुक्त चिकित्सालय में कूल्हे के ऑपरेशन के लिए भर्ती 72 वर्षीय बुजुर्ग महिला की लापरवाही के चलते मौत हो गई। परिजनों का आरोप है कि सांस लेने में तकलीफ होने पर भी डॉक्टर और स्टाफ समय पर नहीं पहुंचे। मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री से की गई है। अस्पताल प्रशासन ने जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित कर दी है।

दुबग्गा लालाबाग निवासी नीरज ने अपनी मां राजरानी (72) को 16 फरवरी को कूल्हे के ऑपरेशन के लिए अस्पताल में भर्ती कराया था। वह आयुष्मान कार्ड धारक थीं और उनका ऑपरेशन निशुल्क होना था। महिला आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. राजेश प्रजापति के वार्ड में भर्ती थीं।

बेटे का आरोप है कि ऑपरेशन से पहले एक कर्मचारी ने 15 हजार रुपये की मांग की। रुपये देने से इनकार करने पर पर अनदेखी की गई। 19 फरवरी की सुबह करीब चार बजे मरीज को अचानक सांस लेने में तकलीफ होने लगी। परिजनों का कहना है कि वार्ड में उस समय कोई स्टाफ मौजूद नहीं था। काफी खोजबीन के बाद जब स्टाफ मिला तो तीमारदार को फटकार कर भगा दिया गया।

आरोप है कि काफी देर बाद जब तक स्टाफ वार्ड में पहुंचा, तब तक महिला की मौत हो चुकी थी। घटना से आक्रोशित बेटे ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत दर्ज कराई है और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

अस्पताल के सीएमएस डॉ. एसपी सिंह ने बताया कि मामले की जांच के लिए दो सदस्यीय कमेटी गठित की गई है। कमेटी परिजनों के बयान दर्ज करेगी और वार्ड में लगे सीसीटीवी की फुटेज की भी जांच करेगी। जांच में यदि लापरवाही की पुष्टि होती है तो संबंधित डॉक्टर और स्टाफ के खिलाफ कार्रवाई की संस्तुति की जाएगी।

### गोमती में कूदने की कोशिश कर रहे युवक को पुलिस ने पकड़ा

**अमृत विचार, लखनऊ:** चौक में शनिवार शाम एक युवक ने गोमती नदी में कूदने का प्रयास किया। यह देख मदेयगंज पुलिस ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने चौक कोतवाली को मामले की जानकारी दी। इसपर चौक पुलिस वहां पहुंची और युवक को लेकर कोतवाली आ गयी।

इंस्पेक्टर चौक नागेश उपाध्याय ने बताया कि बिजनौर निवासी युवक का पत्नी से आए दिन विवाद होता था। शुक्रवार को भी उनका विवाद हुआ था। आए दिन की कलह से परेशान होकर युवक चौक स्थित पक्के पुल पर पहुंचा। वह पुल पर बनी मुमटी पर चढ़ गया। यह देख राहगीर चिल्लाने लगे। लोगों ने उसे रोकते हुए समझाने का प्रयास किया लेकिन वह कुछ सुनने को तैयार नहीं था।

# इलाज के अभाव में महिला की मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- केजीएमयू के लारी कार्डियोलॉजी में भर्ती के लिए गिड़गिड़ाते रहे परिजन
- निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में तोड़ा दम

**अमृत विचार :** किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के लारी कार्डियोलॉजी विभाग के डॉक्टरों पर लापरवाही का आरोप लगा है। महिला मरीज के परिजनों का कहना है कि भर्ती के लिए घंटों प्रयास के बावजूद डॉक्टरों ने भर्ती नहीं किया, जिसके चलते महिला की निजी अस्पताल ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई।

बस्ती निवासी अविदा खातून (35) दिल की गंभीर बीमारी से पीड़ित थीं। हालत बिगड़ने पर परिजन बुधवार को उन्हें लारी कार्डियोलॉजी लेकर पहुंचे। परिजनों का आरोप है कि इमरजेंसी में दिखाने पर डॉक्टरों ने ओपीडी में जाने की सलाह दी। ओपीडी में डॉक्टर ने दवा लिखकर एक सप्ताह बाद दोबारा दिखाने को कहा।



मृतका अविदा खातून

पति मकसूद अली के अनुसार मरीज की हालत लगातार बिगड़ रही थी। भर्ती करने की गुहार लगाई, लेकिन डॉक्टर नाराज हो गए और कहा कि डॉक्टर मैं हूं या तुम। इतना जानते हो तो खुद इलाज कर लो।

परिजनों का कहना है कि वे मरीज को लेकर लारी परिसर में ही भर्ती की उम्मीद में रुके रहे। गुरुवार सुबह करीब नौ बजे जब महिला की सांसें उखड़ने लगीं तो वे उसे निजी अस्पताल ले जाने लगे, लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। मामले को लेकर परिजनों ने उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से शिकायत करने की बात कही है।

केजीएमयू के प्रवक्ता प्रो. केके सिंह ने बताया कि परिजनों की ओर से अभी तक कोई शिकायत नहीं मिली है। शिकायत मिलने पर मामले की जांच कराई जाएगी।

# रिटायर्ड डॉक्टर व तीन महिलाओं के खाते से उड़ाए 6.27 लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बैंककर्मी, परिचित, कस्टमर केयरकर्मी और किराएदार बनकर ठगा
- गोमतीनगर विस्तार, पीजीआई और गाजीपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** साइबर जालसाजों ने रिटायर्ड डॉक्टर समेत तीन महिलाओं के खातों से कुल 6.27 लाख रुपये उड़ा लिए। आरोपी कहीं बैंककर्मी, कहीं परिचित, कस्टमर केयर प्रतिनिधि और किराएदार बनकर झांसा देते रहे। मामलों में गोमतीनगर विस्तार, पीजीआई और गाजीपुर थानों में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

गोमतीनगर विस्तार के शालीमार वन वर्ल्ड निवासी 77 वर्षीय डॉ. स्वतंत्र कुमार रस्तोगी को 19 फरवरी को बैंक कर्मी बनकर कॉल आया। पेंशन कार्ड बनवाने के नाम पर जानकारी लेकर उनके खाते से दो बार में 3,97,020 रुपये निकाल लिए गए।

पीजीआई के पाठकपुरम की शिक्षिका प्रथा श्रीवास्तव को परिचित बनकर कॉल किया गया। फर्जी क्रेडिट मैसेज भेजकर 38,984 रुपये ठग लिए गए। साउथ सिटी निवासी हर्षिता अवस्थी से फ्लैट किराए पर लेने का झांसा देकर 60 हजार रुपये पार कर दिए गए।

गाजीपुर के इस्माइलगंज निवासी कृतिका शुक्ला को कस्टमर केयर बनकर क्यूआर कोड भेजा गया। स्कैन करते ही खाते से 1.31 लाख रुपये निकल गए। पुलिस साइबर सेल की मदद से जांच कर रही है।

# एक करोड़ के प्लॉट पर बने तीन भवन जाली पेपर बनाकर बेचे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पुलिस आयुक्त के आदेश पर वजीरगंज कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार:** हैदरगंज स्थित करीब एक करोड़ के भूखंड पर बने तीन भवनों के जाली दस्तावेज बनाकर जालसाजों ने महिला व पिता-पुत्र को बेच दिए। फर्जीवाड़े की जानकारी होने पर तीन पार्टनर ने मामले की शिकायत पुलिस आयुक्त अमरेंद्र कुमार सेंगर से की। आदेश पर वजीरगंज पुलिस ने तीन नामजद और अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर वजीरगंज राजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

ठाकुरगंज के कैंपवेल रोड स्थित असियामऊ निवासी अयाज अहमद ने बताया कि उन्होंने साथियों मुख्तार अहमद व अतीक अहमद सिद्दीकी के साथ मिलकर हैदरगंज भूहर वार्ड में 1900 वर्गफुट का भूखंड समसुन पत्नी आरिफ अली से 4 मार्च 2024 को खरीदा था। उक्त प्लॉट उपनिबंधक सदर तृतीय कार्यालय में पंजीकृत है। इसके बाद उन्होंने उक्त भूखंड पर 300, 700 और 900 वर्गफुट के तीन भवनों का निर्माण कराया।

पीड़ित का कहना है कि 300 वर्गफुट का एक भवन उन्होंने 17 सितंबर 2024 को माया गुप्ता को बेच दिया था। आरोप है कि इसके बाद जालसाजों ने उनके नाम से जाली दस्तावेज तैयार कर 700 वर्गफुट के भवन का फर्जी बैनामा 31 मई 2025 को सुनंदा बाग को बेचकर रजिस्टर्ड करा दिया था। इसी तरह 900 वर्गफुट के दूसरे भवन फर्जी दस्तावेज तैयार किए गए और 9 जुलाई 2025 को कृतार्थ रस्तोगी व उनके पिता रितेश रस्तोगी के पक्ष में पंजीकृत करा दिया गया।

फर्जीवाड़े की जानकारी होने पर पीड़ित अयाज अहमद ने पुलिस आयुक्त से मुलाकात कर मामले की शिकायत की। शुरुआती जांच में आरोप सही मिलने पर वजीरगंज पुलिस ने सुनंदा बाग निवासी नरही हजरतगंज, कृतार्थ रस्तोगी, उसके पिता रितेश रस्तोगी निवासी प्रज्ञा विहार फैजुल्लागंज मड़ियांव के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# घर जा रही छात्रा से छेड़छाड़ दो पर एफआईआर दर्ज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कृष्णानगर इलाके में शुक्रवार सुबह घर जा रही 12वीं की छात्रा से दो युवकों ने छेड़छाड़ की। विरोध करने पर उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुटे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पीड़िता ने पूरी जानकारी परिजन को दी। छात्रा के पिता ने कृष्णानगर थाने में दोनों युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है।

पारा इलाके में रहने वाले व्यक्ति ने बताया कि उनकी बेटी पास के एक कॉलेज से कक्षा 12वीं की छात्रा है। बताया कि शुक्रवार सुबह करीब सवा आठ बजे उनकी बेटी गंगाखेड़ा मोड़ के पास से गुजर रही थी। तभी वहां पहले से अंकित कश्यप और अरुण मौजूद थे। दोनों ने गंगाखेड़ा स्थित कबाड़ की दुकान के पास उनकी बेटी को रोक लिया। उसके साथ अश्लीलता करने लगे। बेटी ने विरोध किया तो दोनों ने उस पर हमला कर दिया। शोर मचाने पर आसपास के लोग जुट गये। लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। बेटी रोते-हुए अपने घर पहुंची। उसने घटना की जानकारी दी। परिजन छात्रा को लेकर कृष्णा नगर थाने पहुंचे। पुलिस ने छात्रा के पिता की तहरीर पर दो लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज कर लिया है। इंस्पेक्टर कृष्णा नगर पीके सिंह के मुताबिक आरोपी अंकित व अरुण की तलाश की जा रही है।

# ससुर ने बहू पर किया कुल्हाड़ी से हमला

संवाददाता, बख्शी का तालाब

- सिर पर गंभीर चोट, उपचार के बाद घर भेजी गई महिला

**अमृत विचार:** महिगवां थाना क्षेत्र के परसऊ गांव में शनिवार को घरेलू विवाद के दौरान ससुर ने कुल्हाड़ी से बहू पर हमला कर दिया गया। हमले में महिला खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गयी। पुलिस ने घायल को अस्पताल पहुंचाया।

शनिवार की शाम करीब पांच बजे परिवार के भीतर किसी बात को लेकर कहासुनी हो रही थी। इसी बीच विवाद बढ़ गया और गुस्से में आकर ससुर मधुदयाल ने बहू बिटाना के सिर पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। अचानक हुए हमले से बिटाना लहूलुहान होकर जमीन पर गिर पड़ीं। चीखपुकार की आवाज सुनकर अन्य परिजन व पड़ोसी मदद के लिए दौड़े। पति सागर ने एंबुलेंस को सूचना दी। एंबुलेंस की मदद से सौ शैय्या अस्पताल में भर्ती कराया गया। फिलहाल बिटाना की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। उपचार के बाद परिजन उन्हें घर ले गए। इंस्पेक्टर राम कुमार गुप्ता ने बताया कि तहरीर मिलने पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।



घायल बिटाना

# चाय दुकानदार पर हमला, बचाने में दोस्त का सिर फोड़ा

संवाददाता, आलमबाग

- घायल लोकबंधु अस्पताल में भर्ती
- कृष्णानगर कोतवाली में सात नामजद और चार अज्ञात पर रिपोर्ट

**अमृत विचार:** कृष्णानगर के बाराबिरवा स्थित अपोलो हॉस्पिटल के पास गुरुवार देर रात दबंगों ने चाय दुकानदार और उसके साथी पर हमला कर दिया। हमलावरों ने डंडे व रॉड से हमला कर दिया। हमले में दोस्त का सिर फट गया। घायल को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पीड़ित ने कृष्णानगर कोतवाली में शिकायत की। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि तहरीर पर सात नामजद और चार अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर आरोपियों की तलाश की जा रही है।

आशियाना के सेक्टर-एच निवासी करन यादव बाराबिरवा स्थित अपोलो हॉस्पिटल के पास ठेले पर चाय व बन मक्खन की दुकान चलाता है। आरोप है कि गुरुवार रात करीब 11 बजे विनोद रावत, अंकित, अभिषेक, शोभित, ध्रुव, विनय, संजय जायसवाल अपने तीन-चार साथियों के साथ लाठी-डंडों और लोहे की रॉड लेकर दुकान पहुंचे। जबतक करन कुछ समझ पाता, आरोपियों ने हमला कर दिया।

करन को पीटता देखकर उसका दोस्त शिवांश उसे बचाने के लिए दौड़ा। इस दौरान दबंगों ने शिवांश के सिर पर रॉड से वार कर दिया। हमले में सिर फटने से शिवांश खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। मारपीट देख आसपास के लोग मदद के लिए दौड़े। भीड़ को आता देखकर दबंग धमकाते हुए मौके से भाग निकले। करन ने आसपास के लोगों की मदद से घायल शिवांश को लोकबंधु अस्पताल लेकर पहुंचे। वहां इलाज के बाद डॉक्टरों ने छुट्टी कर दी। पीड़ित दुकानदार ने कृष्णानगर कोतवाली में शिकायत की। इंस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया कि घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

**आयोजन** | परिवहन मेले में एकमुश्त कर योजना को मिली सराहना

# दूसरे दिन 85 वाहनों से 22 .40 लाख रुपये कर जमा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** शनिवार को आयोजित परिवहन मेले के दूसरे दिन एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह तथा संभागीय निरीक्षक सुशील कुमार की मौजूदगी में वाहन स्वामियों को एकमुश्त कर व्यवस्था की विस्तृत जानकारी दी गई। प्रधान सहायक पंकज सिंह, वरिष्ठ सहायक प्रकाश नारायण, रईस और के.के. दुबे ने मोटर वाहन डीलरों के प्रतिनिधियों, ऑटो व टैक्सी यूनियन पदाधिकारियों तथा करीब 165 वाहन स्वामियों को कर निर्धारण, गणना और भुगतान प्रक्रिया समझाई।




परिवहन मेले में उपस्थित एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह व अन्य। अमृत विचार

मौके पर 85 वाहनों से 22.40 लाख रुपये एकबारीय कर जमा कर त्वरित निस्तारण किया गया। दो दिनों में कुल 158 वाहनों पर 75.77 लाख रुपये की देयता के सापेक्ष 28.69 लाख रुपये की रिबेट देते हुए 47.08 लाख रुपये जमा कराए गए। इसमें सर्वाधिक कर मोटर कैब संचालकों ने जमा किया।

एआरटीओ प्रदीप कुमार सिंह ने बताया कि एकमुश्त कर प्रणाली से वाहन स्वामियों को बार-बार कर भुगतान और विलंब पर दंड की चिंता से राहत मिलेगी। साथ ही व्यवसायिक यात्री वाहन को निजी वाहन में परिवर्तित करने पर अलग से कर देय नहीं होगा।

# आरोप:गहनों के नाम पर हड़पी रकम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पीड़िता ने सआदतगंज कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट

**अमृत विचार:** सआदतगंज कोतवाली में महिला ने एक व्यक्ति के खिलाफ सोने के जेवर के नाम पर धोखाधड़ी व धमकी की रिपोर्ट दर्ज करायी है। आरोप है कि धोखाधड़ी के दौरान आरोपी ने एक साल में जेवर देने का समझौता कर लिखापढ़ी की थी, लेकिन बाद में मुकर गया। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

कैंट सदर स्थित लकड़ी मोहाल निवासी हिना कौसर ने बताया कि स्वर्गीय माता बन्नो ने उनकी शादी के लिए चार तोला सोने के आभूषण खरीदने के लिए शहाबुद्दीन उर्फ साहब निवासी चौपटिया सआदतगंज को रुपये दिए थे। आरोपी जेवर नहीं दे पाया और परेशानी बताकर 26 अक्टूबर 2024 को लिखित समझौता कर उक्त रकम के बदले एक तोला 22 कैरेट सोने का सेट एक साल में देने का वादा किया था।

पीड़िता ने बताया कि उक्त समझौता स्टांप पेपर पर लिखित रूप में हुआ था, जिसकी वीडियो रिकॉर्डिंग भी कराई गई थी। समझौते में यह भी उल्लेख था कि यदि शहाबुद्दीन निर्धारित समय में आभूषण नहीं देगा तो उसके बेटे इसकी भरपाई करेंगे। आरोप है कि तय समय बीत जाने के बाद भी आरोपी ने सेट नहीं दिया। इसी सदमे में 27 सितंबर 2025 को पिता और 5 दिसंबर को मां की मौत हो गयी। 26 अक्टूबर 2025 को पीड़िता हिना पति शहबाज के साथ समझौते की कॉपी लेकर विपक्षी के घर गई, जहां उसने फिर बहाने बनाए। शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी दी।

पीड़िता ने बताया कि उनकी स्वर्गीय माता ने 5 नवंबर 2025 को सआदतगंज कोतवाली और सीएम पोर्टल पर शिकायत की थी। चौकी प्रभारी के गलत रिपोर्ट लगाने से समस्या का समाधान नहीं हुआ। पीड़िता ने पुलिस को पेन ड्राइव में समझौते की वीडियो, कॉल रिकॉर्डिंग और पूर्व में दी गई शिकायतों से संबंधित साक्ष्य भी उपलब्ध कराने की बात कही।

## सिटी ब्रीफ

### घरों में लगा मीटर, तो होगा आंदोलन

**अमृत विचार, लखनऊ :** बिजली कर्मचारियों के आवासों पर स्मार्ट मीटर लगाए जाने के विरोध में विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने कड़ी नाराजगी जताई है। समिति ने स्पष्ट किया है कि यदि आदेश वापस नहीं लिए गए तो 26 फरवरी को आंदोलन का निर्णय लिया जाएगा। समिति संयोजक शैलेंद्र दुबे ने कहा कि ऊर्जा निगमों के कर्मचारियों को रियायती बिजली सुविधा इलेक्ट्रिसिटी रिफॉर्म एक्ट-1999 और ट्रांसफर स्कीम-2000 के तहत प्रदान की जाती है, जिसे इलेक्ट्रिसिटी एक्ट-2003 से भी संरक्षण प्राप्त है।

### किशोरियों को लगेगी मुफ्त एचपीवी वैक्सीन

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए 14 वर्ष की किशोरियों को अब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) पर एचपीवी (ह्यूमन पैपिलोमा वायरस) वैक्सीन मुफ्त में लगाई जाएगी। इस अभियान के लिए एएनएम का प्रशिक्षण कार्यक्रम पूरा हो चुका है और राज्य स्तर से वैक्सीन आते ही टीकाकरण शुरू हो जाएगा। जिले में 14 साल की किशोरियों की सूची तैयार की जा रही है। सीएमओ डॉ. एनबी सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य अधिकारियों ने विशेष रूप से 14 वर्ष से अधिक और 15 वर्ष से कम आयु की बालिकाओं को वैक्सीन लगाने के निर्देश दिए हैं। टीकाकरण अभियान डॉक्टर की निगरानी में होगा।

# बिजली विभाग का नया खेल, घरेलू कनेक्शनों को बना रहा व्यावसायिक

## उपकेंद्रों के चक्कर काट रहे उपभोक्ता हो रहे परेशान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में बिजली विभाग के कारनामे थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। ताजा मामला घरेलू बिजली कनेक्शनों को बिना कारण व्यवसायिक श्रेणी में बदलने का सामने आया है। जांच प्रक्रिया पूरी होने और कनेक्शन सही पाए जाने के बावजूद उपभोक्ताओं के मीटर की श्रेणी बदली जा रही है। इसके चलते उपभोक्ताओं को अधिक दरों पर बिल थमाया जा रहा है और वे उपकेंद्रों के चक्कर लगाने को मजबूर हैं।

पीड़ित उपभोक्ताओं का कहना है कि पूर्व में जमा किए गए बिल के बावजूद अतिरिक्त राशि के बिल भेजे जा रहे हैं। अधिकारी समस्या का समाधान करने के बजाय हर बार नए दस्तावेजों की मांग कर उपभोक्ताओं को महीनों से कागजी कार्रवाई में उलझाए हुए हैं। इस संबंध में जानकीपुरम जोन के मुख्य अभियंता वीपी सिंह ने बताया कि शिकायत मिलने पर ऐसे मामलों की जांच कराई जाएगी। जांच रिपोर्ट के आधार पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

**केस 1** खाता संख्या : 163583514, नाम : शकील, निवासी : टीजी हॉस्टल के निकट : शकील खान ने बताया कि उनका कनेक्शन वर्षों से घरेलू श्रेणी में है। जनवरी में हुई जांच में कनेक्शन सही पाए जाने के बावजूद उसे व्यवसायिक श्रेणी में बदल दिया गया। उन्होंने 2231 रुपये का बिल जमा किया, लेकिन बाद में 1200 रुपये का अतिरिक्त बिल भेज दिया गया। कनेक्शन दुरुस्त कराने के लिए वे अहिबरनपुर उपकेंद्र के चक्कर लगा रहे हैं, पर हर बार नए कागज मांगे जा रहे हैं।

**केस 2** खाता संख्या : 5620301259, नाम : वीरेंद्र सिंह, निवासी : भिड़ियाटोला : वीरेंद्र सिंह ने बताया कि उनके घरेलू कनेक्शन को भी बिना कारण व्यवसायिक श्रेणी में बदल दिया गया और अतिरिक्त बिल थमा दिया गया। वे कई बार आवेदन लेकर उपकेंद्र पहुंच चुके हैं, लेकिन अधिकारी हर बार नई एप्लीकेशन के साथ आने को कहकर मामला टाल रहे हैं।

### शहर भर से आ रहीं शिकायतें

- सरोजनीनगर, गोमतीनगर, चिनहट, बीकेटी, आशियाना, चौक, मौलवीगंज, डालीगंज, जानकीपुरम, गुडंबा और नादरगंज समेत राजधानी के विभिन्न उपकेंद्रों पर रोजाना दर्जनों शिकायतें दर्ज हो रही हैं। उपभोक्ताओं का आरोप है कि महीनों से शिकायत करने के बावजूद समाधान नहीं हो रहा और सिर्फ आश्वासन दिया जा रहा है।

### चंद्रावल फीडर से जुड़े दर्जनभर से अधिक क्षेत्रों में 11 घंटे से सप्लाई ठप

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी में अनुरक्षण कार्यों के बीच शनिवार को शारदा नगर विस्तार विद्युत उपकेंद्र के चंद्रावल फीडर से जुड़े दर्जनभर से अधिक गांवों की बिजली सुबह करीब 10 बजे अचानक ठप हो गई। देर रात तक आपूर्ति बहाल न होने से उपभोक्ताओं को करीब 11 घंटे तक भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। बिजली कटौती के कारण पेयजल आपूर्ति प्रभावित रही और लोग दिनभर पानी सहित अन्य आवश्यक कार्यों के लिए जूझते रहे। उपभोक्ताओं के अनुसार बिजनौर-सिसेंडी रोड पर गुजर रही 11 हजार वोल्ट लाइन का तार टूटने से नटकुर, सादुल्लाखेड़ा, लक्ष्मणखेड़ा, चंद्रावल, सैनिक विहार कॉलोनी, सीआरपीएफ गेट नंबर-3, गोवर्धनखेड़ा, पिनवट सहित जैंतीखेड़ा फीडर के नूरदीखेड़ा, कुरौनी, कासिमखेड़ा, कैथी, भदरसा, सरैया, मोहिनीखेड़ा, नया खेड़ा, खटोला, जैंतीखेड़ा और सोहावा समेत दो दर्जन से अधिक गांवों की आपूर्ति बाधित हो गई। शिकायतों के बाद कर्मचारी पहुंचे और टूटे तार दुरुस्त किए, लेकिन आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी। अधिशासी अभियंता मोहनलालगंज श्रवण कुमार ने बताया कि 33 केवी जैंतीखेड़ा पावर हाउस के प्रोटेक्शन सिस्टम में तकनीकी खराबी के कारण सभी फीडरों की सप्लाई बंद करनी पड़ी। मरम्मत कार्य जारी है और जल्द आपूर्ति नार्मल की जाएगी।




# बुद्धेश्वर में पकड़ा 750 लीटर मिलावटी खाद्य तेल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- 150 लीटर सरसों तेल, 600 लीटर राइस ब्रान ऑयल
- होली पर बाजार में खपाने की थी तैयारी
- कृत्रिम रंग और एसेंस मिलाकर किया था तैयार
- एफएसडीए ने संचालक पर पारा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई

**अमृत विचार :** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग (एफएसडीए) ने बुद्धेश्वर में छापेमारी कर 750 लीटर मिलावटी खाद्य तेल पकड़ा है। होली के त्योहार पर इसे बाजार में खपाने की तैयारी थी। बरामद खाद्य तेल में 150 लीटर सरसों तेल और 600 लीटर राइस ब्रान ऑयल शामिल है। इसका बाजार मूल्य करीब 1 लाख रुपये है।

एफएसडीए के सहायक आयुक्त खाद्य विजय प्रताप सिंह ने बताया कि टीम ने बुद्धेश्वर स्थित ''शिवम जनरल स्टोर'' पर छापेमारी की। मौके से टीम ने सरसों के तेल और राइस ब्रान ऑयल ,कृत्रिम रंग और एसेंस के नमूने सील करके प्रयोगशाला जांच के लिए भेजे हैं। कृत्रिम रंग और एसेंस मिलाकर यह खाद्य तेल तैयार किया गया था, जो स्वास्थ्य के लिए बेहद खतरनाक है। एफएसडीए ने खाद्य संचालक कैलाश गुप्ता उर्फ कैलाश चन्द्र निवासी- नया मॉडल सिटी, राजाजीपुरम के विरूद्ध थाना-पारा में एफआईआर दर्ज करायी है।

**रायपुर डेयरी में नष्ट कराया दुर्गंधयुक्त मिल्क केक और बरफी:** त्योहार पर मिलावटी खाद्य पदार्थों पर अंकुश लगाने के लिए एफएसडीए की टीमों ने शनिवार को विभिन्न प्रतिष्ठानो पर छापेमारी की। बरफी रायपुर डेयरी में टीम को मिल्क केक और बरफी अत्यंत दुर्गंधयुक्त और खराब स्थिति में मिला। जिसे टीम ने मौके पर नष्ट करा दिया और प्रतिष्ठान को तत्काल बंद कराया। गिरीकुंज हरदोई मार्ग स्थित कुमार कोल्ड स्टोरेज में 80 किग्रा खजूर सड़ा गला होने के कारण नष्ट करा दिया। इसके अलावा टीम ने ठाकुरगंज खोया मंडी से खोया के दो नमूने लिए।


बुद्धेश्वर स्थित शिवम जनरल स्टोर में जांच करती एफएसडीए टीम।


रायउमानाथ बली प्रेक्षागृह में नाटक सच कहें तो का मंचन करते कलाकार।

# वरिष्ठ पत्रकार विधि सिंह का हृदय गति रुकने से निधन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ


विधि सिंह

- केजीएमयू के लारी कॉर्डियोलॉजी में ली अंतिम सांस

**अमृत विचार:** वरिष्ठ पत्रकार विधि सिंह का शुक्रवार देर रात हृदयगति रुकने से निधन हो गया। उन्होंने केजीएमयू के लॉरी कॉर्डियोलॉजी में अंतिम सांस ली। उनका शनिवार को बैकुंठधाम में अंतिम संस्कार किया गया। मूलतः सीतापुर के कसमंडा निवासी विधि सिंह त्रिवेणीनगर में पत्नी रोहिणी, बेटी मीठी, दो भाइयों व माता-पिता के साथ रहते थे। वह करीब ढाई दशक से पत्रकारिता में सक्रिय थे। अपराध की खबरों की रिपोर्टिंग में उनकी एक अलग पहचान थी। कुछ माह पहले उन्हें सीने में दर्द की शिकायत पर लॉरी कॉर्डियोलॉजी में भर्ती कराया गया था। उनकी एंजियोप्लासिटी की गई थी। कुछ दिन आराम करने के बाद वह सक्रिय पत्रकारिता कर रहे थे। शुक्रवार को घर पर देर रात में उन्हें सीने में दिक्कत महसूस हुई। उनके दोनों भाई उन्हें नजदीकी अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने ईसीजी के बाद तुरंत ही लारी कॉर्डियोलॉजी ले जाने के लिए कहा। जहां इलाज के दौरान उन्होंने अंतिम सांस ली। शनिवार को उनका अंतिम संस्कार बैकुंठ धाम में किया गया। इस दौरान उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक, डीजीपी राजीव कृष्ण, एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश समेत बड़ी संख्या में पत्रकार मौजूद रहे।

## भाकपा (माले) का कल विधानसभा मार्च

**अमृत विचार, लखनऊः** भाकपा (माले) 23 फरवरी को कर्जमाफी, मनरेगा, यूजीसी रेगुलेशन और रोजगार जैसी मांगों को लेकर विधानसभा की ओर मार्च करेगी। मार्च सुबह चारबाग से शुरू होगा। हजरतगंज स्थित सीबी सिंह सभागार में शनिवार को प्रेसवार्ता में केंद्रीय समिति सदस्य कृष्णा अधिकारी ने बताया कि इसमें प्रदेशभर से मजदूर, किसान, महिलाएं, छात्र, नौजवान और स्कीम वर्कर भाग लेंगे। मार्च के दौरान राज्यपाल को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मांगों में गरीबों के कर्जे माफ करना, यूजीसी समता नियम 2026 लागू करना, भारत-अमेरिका व्यापार समझौता रद्द करना शामिल हैं।

# चिनहट व दुबग्गा में 10 अवैध प्लाटिंग के निर्माण ध्वस्त

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- हजरतगंज में बीएन रोड पर मानक विपरीत बना निर्माण सील

**अमृत विचार :** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन दस्ते ने शनिवार को चिनहट व दुबग्गा क्षेत्र में अभियान चलाकर लगभग 60 बीघा क्षेत्रफल में की जा रहीं 10 अवैध प्लाटिंग के निर्माण बुलडोजर चलाकर ध्वस्त कर दिए। हजरतगंज में बीएन रोड पर मानक विपरीत व्यावसायिक निर्माण सील कर दिया। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन-7 माधवेश कुमार ने बताया कि दुबग्गा के ग्राम-मौरा में लगभग 25 बीघा क्षेत्रफल में की जा रही 4 अवैध प्लाटिंग के निर्माण ध्वस्त किए गए। जोनल अधिकारी प्रवर्तन जोन-5 वंदना पाण्डेय ने बताया कि चिनहट के ग्राम-गोइला में लगभग 35 बीघा क्षेत्रफल में की जा रहीं 6 अवैध प्लाटिंग के निर्माण ध्वस्त किए गए। जोनल अधिकारी जोन 6 प्रभाकर सिंह ने बताया कि हजरतगंज में बीएन रोड पर इस्लामिया कॉलेज के पास लगभग 4500 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर एलडीए से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था।

# लोकबंधु अस्पताल में बनेगा 50 बेड का ट्रॉमा सेंटर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आईसीयू-वेंटिलेटर, मेजर-माइनर ओटी व 24 घंटे सीटी स्कैन की सुविधा
- सड़क हादसा पीड़ितों को मिलेगा मुफ्त कैशलेस इलाज

**अमृत विचार :** कानपुर रोड स्थित लोकबंधु अस्पताल में घायलों के बेहतर उपचार के लिए 50 बेड का अत्याधुनिक ट्रॉमा सेंटर स्थापित करने की तैयारी शुरू हो गई है। अस्पताल प्रशासन ने प्रस्ताव उच्च अधिकारियों को भेज दिया है और शीघ्र मंजूरी मिलने की उम्मीद जताई है।

वर्तमान में अस्पताल में इमरजेंसी सेवाएं संचालित हैं, लेकिन ट्रॉमा सेंटर बनने से सड़क दुर्घटनाओं और अन्य गंभीर हादसों में घायल मरीजों को त्वरित व विशेषज्ञ उपचार मिल सकेगा। प्रस्तावित सेंटर में आईसीयू और वेंटिलेटर के साथ मेजर व माइनर ऑपरेशन थिएटर स्थापित किए जाएंगे। साथ ही 24 घंटे सीटी स्कैन, एक्स-रे और अल्ट्रासाउंड जांच की सुविधा उपलब्ध रहेगी।

प्रदेश सरकार ट्रॉमा सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में काम कर रही है, ताकि गोल्डन ऑवर में मरीजों को समुचित इलाज मिल सके। केंद्र सरकार की 'कैशलेस ट्रीटमेंट ऑफ रोड एक्सीडेंट विक्टिम्स स्कीम-2025' के तहत सड़क हादसों में घायल मरीजों को मुफ्त और कैशलेस इलाज की सुविधा दी जाएगी।

ट्रॉमा सेंटर के लिए दो विकल्प प्रस्तावित हैं, मौजूदा इमरजेंसी ब्लॉक का उन्नयन या अस्पताल परिसर में खाली भूमि पर नया भवन निर्माण। मंजूरी मिलते ही निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

# साक्षात्कार में गड़बड़ी की रिपोर्ट तलब

- सीएमओ कार्यालय में 55 पदों पर डॉक्टरों के साक्षात्कार और चयन प्रक्रिया पर लगे आरोपों का मामला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीएमओ के अधीन संविदा डॉक्टरों की भर्ती के लिए आयोजित वॉक-इन इंटरव्यू में अनियमितताओं का मामला तूल पकड़ने लगा है। उच्चाधिकारियों जरिए बिंदुवार रिपोर्ट तलब की गई है। जिसके बाद बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है। अफसर अब नए सिरे से रिपोर्ट तैयार करने में जुट गए हैं। संविदा पर 55 पदों के एमबीबीएस डॉक्टरों की भर्ती के लिए 7 जनवरी को सीएमओ कार्यालय में वॉक-इन इंटरव्यू आयोजित किया गया था। इनमें निजी और विदेशी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस की डिग्री हासिल करने वाले अभ्यर्थी भी थे।

अभ्यर्थियों का आरोप है कि इंटरव्यू कमेटी ने चयन प्रक्रिया में केवल खानापूर्ति की। आरोप है कि निजी और विदेशी मेडिकल कॉलेजों से एमबीबीएस करने वाले कुछ अभ्यर्थियों को कर्मचारियों ने ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र बनवाने की सलाह दी। आरोप है कि ईडब्ल्यूएस कोटे के जरिए अपात्र अभ्यर्थियों को लाभ पहुंचाया गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एमडी व जिलाधिकारी स्तर से इंटरव्यू प्रक्रिया की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है।

### सीएमओ का दावा चार मिनट 35 सेकेंड में लिया गया साक्षात्कार

सीएमओ डॉक्टर एनबी सिंह ने दावा किया कि प्रति डॉक्टर के साक्षात्कार मे औसतन 4 मिनट 35 सेकेंड का समय लगा है। साक्षात्कार में किसी प्रकार की गड़बड़ी नहीं हुई है। इस सम्बंध में सीएमओ की ओर से पत्र जारी कर स्पष्टीकरण दिया गया है। सीएमओ का कहना है कि केजीएमयू, जिलास्तरीय चिकित्सालय और आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में डॉक्टरों की तैनाती के लिए साक्षात्कार आयोजित किया गया था। 345 अभ्यर्थी पंजीकरण थे। इनमें से 28 अभ्यर्थी किन्हीं कारणों से साक्षात्कार में शामिल नहीं हो सके। अत: 317 अभ्यर्थियों का ही साक्षात्कार लिया गया। सुबह 9 बजे से शुरू हुआ साक्षात्कार रात 8 :30 बजे तक चला। साक्षात्कार के लिए बनी दो उप समितियों ने साक्षात्कार लिया। लिहाजा साक्षात्कार में 350 अभ्यर्थी शामिल होने, आठ घंटे में औसतन प्रति अभ्यर्थी का एक मिनट 37 सेकेंड में साक्षात्कार पूरा कर खानापूर्ति करने का आरोप निराधार है।


एक से डेढ़ मिनट में साक्षात्कार लेकर कर ली डॉक्टरों की भर्ती
मात्र आठ घंटे में पूरा किया गया 350 आवेदकों का साक्षात्कार
अभ्यर्थियों ने जताई नाराजगी

अमृत विचार में शनिवार को प्रकाशित खबर।

## सिटी डायरी


प्रदर्शनी में प्रदर्शित चित्र देखते लोग।

### चित्र प्रदर्शनी में उभरा उमेश सक्सेना का 50 साल का कला सफ़र

**अमृत विचार, लखनऊ :** वरिष्ठ चित्रकार उमेश कुमार सक्सेना के चित्रों की एकल प्रदर्शनी शनिवार को अलीगंज स्थित कला स्रोत आर्ट गैलरी में शुरू हुई। इस प्रदर्शनी में कलाकार के 50 वर्षों की सृजन यात्रा को दर्शाया गया है। यह प्रदर्शनी 28 फरवरी तक दर्शकों के लिए खुली रहेगी। प्रदर्शनी के उदघाटन के समय उमेश कुमार सिंह ने विभिन्न रंगों को अपन सहयात्री बताया और अनगिनत टेक्सचर को अपनी यात्रा का अहम पहलू माना। उन्होंने कहा कि यह लाल, पीले और नीले रंग तथा टेक्सचर मेरी सृजन यात्रा में निरंतर साथ चले हैं और मैं अंत समय तक इनका साथ चाहता हूं। उन्होंने कहा कि इस यात्रा में मेरी मुलाक़ात अनंत आकारों, दृश्यों और अनुभवों से हुई। बहुत सारे ग्रंथों और उत्कृष्ट विचारों के साथ मेरी यह यात्रा चल रही है।


कार्यक्रम की दीप प्रज्ज्वलित कर शुरुआत करते निदेशक ।

### पीजीआई में अब गर्भ में ही होंगे शिशुओं के जन्मजात गंभीर रोगों के ऑपरेशन

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) में अब गर्भ में ही शिशुओं के जन्मजात गंभीर रोगों का ऑपरेशन किया जाएगा। इससे जन्म के बाद होने वाली दिव्यांगता और अन्य स्वास्थ्य जोखिमों को कम करने में मदद मिलेगी। एमआरएच विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. मंदाकिनी प्रधान ने 17वें स्थापना दिवस पर आयोजित संगोष्ठी में बताया कि फीटल सर्जरी के तहत शिशु के मस्तिष्क और रीढ़ की हड्डी के गंभीर रोगों का उपचार किया जाएगा। लड़कों में जन्मजात मूत्रमार्ग रुकावट तथा एक ही गर्भनाल से जुड़े जुड़वा शिशुओं का इलाज लेजर तकनीक से होगा। यह सुविधा अगले एक वर्ष में शुरू करने की तैयारी है।


कार्यशाला में मौजूद विशेषज्ञ

### स्पाइरोमेट्री से अस्थमा-सीओपीडी की सटीक पहचान संभव

**अमृत विचार, लखनऊ :** अस्थमा, सीओपीडी और अन्य सांस संबंधी बीमारियां तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसे में रोग की सटीक पहचान और फेफड़ों की कार्यक्षमता का आकलन करने के लिए स्पाइरोमेट्री सबसे भरोसेमंद जांच है। यह जानकारी किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) के रेस्पीरेटरी मेडिसिन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सूर्यकांत ने दी। वह शनिवार को रिवर बैंक कॉलोनी स्थित इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) भवन में आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। आईएमए और लखनऊ एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स की ओर से स्पाइरोमेट्री विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई।


कार्यक्रम के दौरान प्रस्तुति देते कलाकार।

### श्याम निशानोत्सव मनाया

**अमृत विचार, लखनऊ :** ऐशबाग के तिलकनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पार्क में श्याम ज्योत मंडल ऐशबाग द्वारा 44वां श्याम निशानोत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। 'जमघट म्हारे श्याम का' भजन संध्या के दूसरे दिन संजय शर्मा, लव अग्रवाल, अरविंद सहल और कुमार मुकेश ने लखनवी ठाठ और कोलकाता के सुरमयी अंदाज में भजनों की प्रस्तुति दी। मंडल के मीडिया प्रभारी अनुपम मित्तल ने बताया कि खाटू श्याम का दरबार रंगबिरंगी रोशनी से सजा था।

## परिचर्चा

### जन संस्कृति मंच ने आयोजित किया अनिल सिन्हा स्मृति व्याख्यान

# आशाराम जागरथ व सीबी भारती की कविताओं ने सोचने को किया विवश

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** जन संस्कृति मंच (जसम) की ओर से शनिवार को अनिल सिन्हा स्मृति व्याख्यान के तहत अस्मिता विमर्श : साहित्य, समाज और राजनीति विषय पर परिचर्चा का आयोजन यूपी प्रेस क्लब में किया गया। मुख्य वक्ता थे युवा आलोचक डॉ. रामायण राम।

मुख्य वक्ता ने कहा कि अस्मिता या पहचान का विमर्श हमारे दौर का सबसे बहस तलब विषय है। अस्मिता के विचार ने समाज, राजनीति और साहित्य में पिछले तीन चार दशकों में बहुत जोड़ा - घटाया है। यह एक ऐसा विचार है जिसको अपना कहने वाला कोई नहीं है।


कार्यक्रम में बोलते मुख्य वक्ता युवा आलोचक डॉ. रामायण राम।

उन्होंने कहा कि ऐसा माना जाता है कि पहचानों के उभरने का परिणाम वर्गीय एकता और बुनियादी बदलाव के सिद्धांत का निषेध है। इसके उलट पहचान आधारित समूह अपने विचार को बुनियादी और सार्वभौमिक होने का दावा भी करते हैं। इसलिए उन्हें अस्मिता विमर्श में सीमित किया जाना सही नहीं लगता। इस विमर्श के पीछे भौतिक कारण है। समाज में मौजूद असमानता तथा वर्चस्ववादी मानसिकता है। ऐसे में अस्मिता को सही सन्दर्भ में समझना और उसको बदलाव का विमर्श बनाना एक जरूरी काम है। परिचर्चा के दूसरे सत्र में फैजाबाद से आए दलित चेतना के कवि आशाराम जागरथ और सीबी भारती ने अपनी कविताएं सुनाईं। आसाराम जागरथ ने खास गिलास, बुरी नीयत, ढहता हुआ दुर्ग आदि कविताओं के माध्यम से सामाजिक भेदभाव को उकेरा। चौथा आदमी कविता के जरिये उन्होंने हालात के लिए सनातनी व्यवस्था को जिम्मेदार ठहराया।

इस मौके पर सीबी भारती ने तुम्हारा और मेरा बचपन, स्थानांतरण, जोंक, परिवेश, मनोवृत्ति, भेड़िया, चेतना के स्वर आदि कई कविताओं का पाठ किया। अपनी कविता यह कैसा लोकतंत्र ? में सवाल उठाते हुए कहा कि क्या आजादी केवल तीन रंग के तिरंगे झंडे का ही नाम है? रामचनवा का बचपन अब भी आखिर क्यों भूखा नंगा है? लोकतंत्र केवल अभिजात्यों और सामंतों का फंडा है?

कार्यक्रम में जन संस्कृति मंच के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कवि कौशल किशोर ने अनिल सिन्हा के रचनात्मक व्यक्तित्व पर रोशनी डाली । कार्यक्रम की अध्यक्षता समकालीन जनमत के संपादक रामजी राय ने की। संचालन किया सांस्कृतिकर्मी सुचित माथुर ने किया।

## सिटी ब्रीफ

### फार्माफ्यूचरएक्स में लविवि की छात्रा को द्वितीय स्थान

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा दीपांशी श्रीवास्तव ने "डिजिटल स्वास्थ्य, कृत्रिम बुद्धिमत्ता एवं स्मार्ट औषधि" (फार्माफ्यूचरएक्स–2026) के अंतर्गत आयोजित पोस्टर प्रस्तुति प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। वह औषधि विज्ञान संस्थान की तृतीय वर्ष की छात्रा हैं। दीपांशी ने "प्राकृतिक फ्लेवोनॉइड्स बहु–लक्ष्य हृदय संरक्षक कारक के रूप में" विषय पर अपना शोध प्रस्तुत किया। शोध में कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित आणविक विश्लेषण के माध्यम से प्राकृतिक तत्वों के हृदय सुरक्षा संबंधी गुणों का अध्ययन किया गया। इसमें हृदय रोगों की रोकथाम के लिए बहु–लक्ष्य उपचार की संभावनाओं को रेखांकित किया गया। इस शोध कार्य में फार्माकोग्नोसी विभाग के सहायक आचार्य डॉ. अभिषेक कुमार ने उनका मार्गदर्शन किया।

# 4277 ने छोड़ी अंग्रेजी, कृषि व सामाजिक विज्ञान की परीक्षा

## यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा के चौथे दिन हजारों विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

● पांच सचल दलों ने दोनों पालियों में 45 परीक्षा केंद्रों का किया निरीक्षण



कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा 2026 के चौथे दिन हाईस्कूल की सामाजिक विज्ञान तथा इंटरमीडिएट की अंग्रेजी और कृषि शस्य विज्ञान विषय की परीक्षा संपन्न हुई। दोनों पालियों में कुल 4277 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे।

प्रथम पाली में हाईस्कूल सामाजिक विज्ञान और इंटरमीडिएट कृषि शस्य विज्ञान में पंजीकृत 51,753 परीक्षार्थियों में से 49,435 उपस्थित रहे। द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट अंग्रेजी विषय में पंजीकृत 47,930 में से 45,971 परीक्षार्थी परीक्षा में शामिल हुए। इस प्रकार दोनों पालियों को मिलाकर 4,277 परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी। जिले में 120 परीक्षा केंद्रों सहित जिला कारागार में भी परीक्षा कराई जा रही है।

परीक्षा की निगरानी के लिए पांच सचल दल गठित किए गए हैं। शनिवार को प्रथम पाली में 24 और द्वितीय पाली में 21 केंद्रों का औचक निरीक्षण किया गया। जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार ने बताया कि परीक्षा शुचितापूर्ण एवं नकलविहीन संपन्न हो रही है। किसी भी केंद्र पर गड़बड़ी नहीं पाई गई।

**संस्कृत बोर्ड परीक्षा में 44 अनुपस्थित:** उत्तर प्रदेश संस्कृत शिक्षा परिषद की उत्तर मध्यमा और पूर्व मध्यमा कक्षाओं की परीक्षा दो पालियों में हुई। दोनों पालियों में हिंदी विषय का प्रश्नपत्र था। कुल पंजीकृत छात्रों में से 44 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### लापरवाही पर 19 स्टेटिक मैजिस्ट्रेट का रुका वेतन

**अमृतविचार, लखनऊ :** हाईस्कूल व इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर कानून–व्यवस्था और निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को स्टेटिक मजिस्ट्रेट नियुक्त किया गया था। इनमें लोक निर्माण विभाग, ग्रामीण विकास, ग्रामीण अभियंत्रण सेवा तथा नलकूप विभाग के अवर अभियंता समेत अन्य अधिकारी शामिल थे। परीक्षा अवधि में निरीक्षण के दौरान 19 स्टेटिक मजिस्ट्रेट अपने निर्धारित दायित्वों के निर्वहन में लापरवाह पाए गए। कई केंद्रों पर उनकी अनुपस्थिति, समय से पहले केंद्र छोड़ना तथा परीक्षा संबंधी निर्देशों का पालन न करना सामने आया। मामले को गंभीरता से लेते हुए के जिलाधिकारी ने कड़ी कार्रवाई करते हुए संबंधित 19 अधिकारियों का एक दिन का वेतन रोकने का आदेश जारी किया है। जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि बोर्ड परीक्षा जैसे संवेदनशील कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बोर्ड परीक्षा में लापरवाही पर तीन केंद्रों को चेतावनी

**अमृतविचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड परीक्षा–2026 के दौरान लापरवाही पाए जाने पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने तीन परीक्षा केंद्रों को कड़ी चेतावनी जारी की है। बप्पा श्री नारायण वोकेशनल इंटर कॉलेज, क्वींस एंग्लो संस्कृत इंटर कॉलेज और नारी शिक्षा निकेतन बालिका इंटर कॉलेज में निरीक्षण के दौरान कई गंभीर खामियां मिलीं। जांच में पाया गया कि सीटिंग प्लान पर विद्यालय का नाम और पंजीकृत परीक्षार्थियों की संख्या अंकित नहीं थी। केंद्र व्यवस्थापक के हस्ताक्षर और मुहर भी अनुपस्थित थे। परीक्षा कक्षों के ब्लैकबोर्ड ढके नहीं थे तथा संबंधित रजिस्टरों में आवश्यक हस्ताक्षर नहीं मिले। सीसीटीवी कैमरों की दृश्यता खराब पाई गई और निगरानी के लिए प्रयुक्त कंप्यूटर माउस भी कार्यरत नहीं था। आवश्यकता से अधिक शिक्षकों की तैनाती के बावजूद उनकी अद्यतन सूची उपलब्ध नहीं कराई गई। जिला विद्यालय निरीक्षक ने स्पष्ट किया कि दोबारा लापरवाही मिलने पर उप्र सार्वजनिक परीक्षा अनुचित साधन निवारण अधिनियम–2024 की धारा 14 के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी। मामले की प्रतिलिपि जिलाधिकारी लखनऊ कार्यालय और उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद को भेजी गई है।

### मंडलीय सचल दल ने उन्नाव के 6 केंद्रों का किया निरीक्षण

- **अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 के अंतर्गत जनपद के कालूखेड़ा और मौरावां क्षेत्र स्थित छह परीक्षा केंद्रों का मंडलीय सचल दल ने आकस्मिक निरीक्षण किया। प्रथम पाली में हाईस्कूल गृहविज्ञान प्रश्नपत्र की परीक्षा के दौरान लखनऊ मंडल की पर्यवेक्षक एवं विशेष कार्याधिकारी (पुस्तकालय प्रकोष्ठ) सांत्वना तिवारी तथा डॉ. दिनेश कुमार के नेतृत्व में दल ने व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण किए गए केंद्रों में पीएलकेपी इंटर कॉलेज कालूखेड़ा, बीकेएचआर इंटर कॉलेज मौरावां, केएनपीएस इंटर कॉलेज मौरावां, त्रिवेणी काशी इंटर कॉलेज बिहार, गिरिजाशंकर सरला देवी पब्लिक इंटर कॉलेज बिहार तथा आरबीएस इंटर कॉलेज बिहार शामिल रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संचालित पाई गई। पर्यवेक्षक ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देश दिए कि परीक्षा व्यवस्था और सुदृढ़ की जाए तथा सभी केंद्रों की राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष से निरंतर संपर्क व्यवस्था बनाए रखी जाए। आकस्मिक निरीक्षण से परीक्षा केंद्रों पर सतर्कता बढ़ी है।

### स्पीड चार्जर्स और हिंद वॉरियर्स का दबदबा

अमृत विचार, लखनऊः लखनऊ गोल्फ क्लब में चल रही लखनऊ गोल्फ लीग के पांचवें संस्करण के छठे दिन ग्रुप ए की टीमों का दबदबा देखने को मिला। स्पीड चार्जर्स, पीपीएस दबंग और हिंद वॉरियर्स ने अपने-अपने मुकाबलों में जीत दर्ज कर अंक तालिका में स्थिति मजबूत की। स्पीड चार्जर्स 9.5 अंकों के साथ शीर्ष पर है, जबकि हिंद वॉरियर्स 8.5 अंकों के साथ दूसरे स्थान पर बनी हुई है।

पहले मुकाबले में स्पीड चार्जर्स ने रामस्वरूप टाइगर्स को 3-2 से हराया। विजेता टीम के लिए राकेश सेठ, राजेश नारायण, भरत थापर, आदि जैन, सुशांत मिश्रा और आदित्य प्रताप की जोड़ियों ने प्रभावी प्रदर्शन किया। दूसरे मैच में पीपीएस दबंग ने वेलनेस वॉरियर्स को 3-2 से मात दी। के. केसरवानी, गौतम चोपड़ा, अतुल और राघव अग्रवाल की जोड़ियों ने जीत में अहम भूमिका निभाई। दिन के अंतिम मुकाबले में हिंद वॉरियर्स ने इकाना टाइटंस को 3-2 से पराजित किया।

# शाही संरक्षण, परंपरा, तकनीक और कलात्मक उत्कृष्टता पर व्याख्यान



व्याख्यान देते संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के सलाहकार डॉ. विजय माथुर।

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राज्य संग्रहालय में चल रहे कला अभिरूचि पाठ्यक्रम के व्याख्यान श्रृंखला के तहत शनिवार को मिनिएचर मार्वलस : शाही संरक्षण, परम्परा, तकनीक और कलात्मक उत्कृष्टता विषय पर मुख्य वक्ता संघ लोक सेवा आयोग नई दिल्ली के सलाहकार डॉ. विजय माथुर ने अपने विचार व्यक्त किये।

डॉ. विजय माथुर ने व्याख्यान भारत की प्राचीनतम चित्रकला का परिचय देते हुए बताया कि किस प्रकार जैन भण्डार गृह में पेंटिग को सुरक्षित रखते थे तथा उनकी चित्रों की विशेषताओं से परिचित कराया। इसी क्रम में लघुचित्रों के राजसी आश्रय किस प्रकार प्राप्त हुआ पर भी चर्चा की। मुगल, राजस्थानी, पहाड़ी शैली तथा इनकी उपशैलियों पर चर्चा की। राजसी आश्रय में फली-फूली लघुचित्र शैली को पावर प्वांइट के माध्यम से दिखाते हुए उनकी विषय, शैली, प्रमुख विशेषताओं, रंगों, संयोजन आदि पर विस्तार से चलती थी जिसमें लैला-मजनू, रसिक-प्रिया, अनवार-ए-सुहैनी, राग-माला, ढोला-मारू, यूरोपियन चित्रों की प्रतियों, कैलीग्राफी आदि को दिखाया गया।

व्याख्यान के समापन पर राज्य संग्रहालय के निदेशक डॉ. विनय कुमार सिंह ने प्रतिभागियों और मुख्य वक्ता को धन्यवाद दिया। सहायक निदेशक डॉ. मीनाक्षी खेमका के संचालन में हुए इस आयोजन में संग्रहालय के शारदा प्रसाद, प्रीती साहनी, डॉ. अनीता चौरसिया, धनन्जय कुमार राय, शशिकला राय, शालिनी श्रीवास्तव, प्रमोद कुमार, राहुल सैनी और गायत्री गुप्ता की मौजूदगी रही।

# पहले दिन यावंतिका, अक्षिता और दिशा ने जीते स्वर्ण




प्रतियोगिता का उद्घाटन करते उप मुख्यमंत्री और अन्य। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

● प्रथम नेशनल शुआई जिआओ (चाइनीज रेसलिंग) चैंपियनशिप

**अमृत विचार:** मेजबान उत्तर प्रदेश की खिलाड़ियों ने प्रथम नेशनल शुआई जिआओ (चाइनीज रेसलिंग) चैंपियनशिप के पहले दिन शानदार प्रदर्शन करते हुए तीन स्वर्ण पदक अपने नाम किए। केडी सिंह बाबू स्टेडियम स्थित भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई क्रीड़ा संकुल में शनिवार से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में मेजबान खिलाड़ियों के साथ अन्य राज्यों के प्रतिभागियों ने भी दमदार प्रदर्शन किया।

चैंपियनशिप का उद्घाटन उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस तरह की राष्ट्रीय प्रतियोगिताएं युवा प्रतिभाओं को आगे बढ़ने का मंच प्रदान करती हैं और खेलों के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। इस अवसर पर भारतीय शुआई जिआओ एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. विष्णु सहाय, आयोजन सचिव शैलेश अग्रवाल तथा वोवीनाम फेडरेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीण गर्ग ने उप मुख्यमंत्री का स्वागत कर प्रतियोगिता के शुभंकर का स्मृति चिह्न भेंट किया।

प्रतियोगिता के पहले दिन बालिका सब-जूनियर वर्ग के 54 किग्रा भार वर्ग में दिशा पुंडीर ने स्वर्ण पदक जीता, जबकि 42 किग्रा वर्ग में अक्षिता सैनी ने स्वर्ण हासिल कर प्रदेश का नाम रोशन किया। वहीं जूनियर बालिका वर्ग के 65 किग्रा भार वर्ग में यावंतिका ने स्वर्ण पदक जीतकर उत्तर प्रदेश को तीसरी बड़ी सफलता दिलाई। पहले ही दिन तीन स्वर्ण पदक जीतकर मेजबान टीम ने प्रतियोगिता में अपनी मजबूत दावेदारी पेश कर दी है। आगामी मुकाबलों में भी खिलाड़ियों से उत्कृष्ट प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।

### स्वर्ण पदक जीतने वाली खिलाड़ी

- सीनियर बालिका वर्ग : 48 किग्रा– पंवार पायल तयानी, 56 किग्रा– मोनिका (हरियाणा), 60 किग्रा– राजेश्वरी (हरियाणा), 65 किग्रा– दीपांशी (हरियाणा), 70 किग्रा– पाल वर्षा संतोष (गुजरात), 75 किग्रा– सोनिया (दिल्ली)
- जूनियर बालिका वर्ग : 44 किग्रा– निकिता बी (कर्नाटक), 48 किग्रा– आर चंद्रा (तमिलनाडु), 52 किग्रा– प्रियंका एम (केआर), 56 किग्रा– उमंग रांगर (उत्तराखंड), 60 किग्रा– सौम्या एम (कर्नाटक), 65 किग्रा– यावंतिका (उत्तर प्रदेश), 70 किग्रा– तृप्ति तयडा (महाराष्ट्र)
- सब–जूनियर बालिका वर्ग : 23 किग्रा– पलक मडावी (महाराष्ट्र), 27 किग्रा– निकिता (दिल्ली), 32 किग्रा– सुहानी भट्ट (उत्तराखंड), 36 किग्रा– एस सामीथा (तमिलनाडु), 39 किग्रा– रिस्किता (महाराष्ट्र), 42 किग्रा– पारी चौहान (उत्तराखंड), 42 किग्रा– अक्षिता सैनी (उत्तर प्रदेश), 46 किग्रा– स्वरा घाडगे (महाराष्ट्र), 54 किग्रा– दिशा पुंडीर (उत्तर प्रदेश)

# लखनऊ के अर्पित ने रजत पर किया कब्जा



वॉलीबाल में खिताबी जीत दर्ज करने वाली बस्ती टीम। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास एवं उद्यमशीलता विभाग की देखरेख में आयोजित राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता के दूसरे दिन शनिवार को खिलाड़ियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। 400 मीटर दौड़ में मेरठ के अभिषेक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक जीता, जबकि लखनऊ के अर्पित यादव ने रजत पदक हासिल किया। आजमगढ़ के देवेंद्र यादव को कांस्य पदक से संतोष करना पड़ा। अभिषेक ने 200 मीटर दौड़ में भी स्वर्ण जीतकर प्रतियोगिता में अपना दूसरा स्वर्ण पदक हासिल किया और श्रेष्ठता साबित की।

प्रतियोगिता का आयोजन केडी सिंह बाबू स्टेडियम में किया जा रहा है, जहां विभिन्न मंडलों के खिलाड़ियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। पुरुष वर्ग के मुकाबलों की जानकारी देते हुए स्किल डेवलपमेंट एंड वोकेशनल एजुकेशन एंड इंटरप्रेन्योरशिप के संयुक्त निदेशक ए.के. राणा ने बताया कि प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आए खिलाड़ियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। वॉलीबाल स्पर्धा में बस्ती मंडल की टीम चैंपियन बनी और स्वर्ण पदक अपने नाम किया। बैडमिंटन एकल वर्ग में मेरठ के वसू ने खिताबी जीत दर्ज की। प्रतियोगिता का शुभारंभ राजकीय प्रौद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के अतिरिक्त निदेशक मानपाल सिंह ने किया। आयोजन में निदेशक (प्राविधिक) डी.के. सिंह, संयुक्त निदेशक मयंक गंगवार और नोडल प्रधानाचार्य राजकुमार यादव का विशेष सहयोग रहा।

● राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता

### स्पर्धाओं के परिणाम

- 200 मीटर दौड़ : अभिषेक (मेरठ) – स्वर्ण, धीरज सिंह (वाराणसी) – रजत, लक्ष्मी नारायण (आगरा) – कांस्य
- 400 मीटर दौड़ : अभिषेक (मेरठ) – स्वर्ण, अर्पित यादव (लखनऊ) – रजत, देवेंद्र यादव (आजमगढ़) – कांस्य
- लंबी कूद : आकाश (अलीगढ़) – स्वर्ण, अन्नू पाल (झांसी) – रजत, प्रिंस (मेरठ) – कांस्य
- ऊंची कूद : हिमांशु सोम (मेरठ) – स्वर्ण, अभय शंकर तिवारी (गोरखपुर) – रजत, कुंदन गुप्ता (बस्ती) – कांस्य
- शॉटपुट : अजय कुमार (अलीगढ़) – स्वर्ण, अनूप प्रजापति (गोरखपुर) – रजत, विनय कुमार चौधरी (बस्ती) – कांस्य
- रिले रेस (4 गुणे 100 मीटर) :
- स्वर्ण– अयोध्या मंडल (अमन कुमार निषाद, अर्पित निषाद, साहिल निषाद, युवराज निषाद)
- रजत– अलीगढ़ मंडल (आकाश, अमित कुमार, रवि कुमार, अनुभव कुमार)
- कांस्य– बस्ती मंडल (अतुल कुमार, संजय यादव, आदित्य नाथ, सर्वेश प्रताप पासवान)

# हथौड़े से होरियार करेंगे रंगों से वार, धनुष के तीर भिगोएंगे

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** भले ही होलिकोत्सव पर्व को करीब दस दिन का वक्त है लेकिन बाजार रंगीन हो चुका है। होरियार हथौड़े और फरसे से रंगों का वार करने के लिए तैयार हैं। यहियागंज में पिचकारियां ही पिचकारियां हैं। धनुष बाण में भी रंगों के तीन तीर तैयार हैं। होरियार सामने आए तो यह तीन तीर एक साथ रंगों की ऐसी फुहार छोड़ेंगे कि बचना मुश्किल हो जाएगा। ब्रह्मोस सरीखी मिसाइल तबाही के लिए नहीं रंगों से सराबोर करने के लिए तैयार है। मोदी पिट्ठू गन और बिग बॉस की भी धमक कम नहीं है। दो सेल वाली म्यूजिक गन का पाइप खींचते ही रंगों की बरसात तो होगी ही होली के मधुर गीत माहौल को और रंगीन बना देंगे।

कुश मिश्र और आलोक गुप्ता के मुताबिक अलग-अलग पिचकारियों की वैरायटी बाजार में आ गई है। विस्तृत रेंज है। ब्रह्मोस सरीखी मिसाइल भी रंग से हमला करने को तैयार है। बस इंतजार है तो रंगों के त्योहार का।

**हर्बल रंग और गुलाल की मांग:** हर्बल रंग और गुलाल की ओर लोगों का रुझान बढ़ा है। करीब 80 फीसद बाजार पर हर्बल गुलाल और रंग छाए हुए हैं। यहियागंज के थोक कारोबार से जुडे. शेखर गुप्ता कहते हैं कि अब हर ब्रांड प्रमुखता से हर्बल रंग बना रहे हैं। अब सभी प्रमुख ब्रांड का ध्यान हर्बल रंग पर है। ऐसे में केमिकल युक्त रंग का बाजार पूरी तरह से सिमटने की ओर है। शहरी क्षेत्र में रंग-गुलाल का व्यापार हर्बल आधारित हो चुका है। 1000 प्योरिटी वाला हर्बल गुलाबी रंग 2,000 रुपये किलो वहीं हरे हर्बल की कीमत 1,600 प्रति किलो है। हर्बल 120 से 150 रुपये प्रति डिब्बा इसमें चार अलग-अलग रंग की डिब्बियां हैं। खुला हर्बल गुलाल 60 से 100 रुपये किलो तो आर्गेनिक खुला रंग 600 से 800 रुपये किलो बाजार में बिक रहा है।



रंगों वाली मिसाइल पिचकारी।



बीन और धनुषबाण

### पिचकारियों की रेंज-रुपये प्रति पीस

- धनुष बाण– 220
- त्रिशूल–डमरू– 60
- बीन– 60
- मोदी पिट्ठू गन– 260 से 350
- बिग बॉस–340
- फरसा –40 रुपये
- कुल्हाड़ी, त्रिशूल, डमरू– 60 रुपये प्रति पीस
- बीजेपी का हथौड़ा– 260
- राकेट मिसाइल– 160
- पिट्ठू बैग –500 रुपये प्रति पीस तक
- बच्चों वाला जेली टैंक –180 रुपये
- सलमान खान –340 रुपये
- म्यूजिक गन –260 रुपये



कलर गन दिखाता दुकानदार। अमृत विचार

## सिटी डायरी



खिलाड़ी आरपी सिंह खेल मशाल को प्रज्ज्वलित करते हुए।

### लखनऊ विश्वविद्यालय में इंटर हॉस्टल महोत्सव का आगाज

**अमृत विचार, लखनऊ :** लखनऊ विश्वविद्यालय के पंचम इंटर–हॉस्टल प्रतियोगिता महोत्सव–2026 का औपचारिक उद्घाटन सुभाष हॉल में किया गया। सप्ताह भर चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न छात्रावासों के छात्र खेल और सांस्कृतिक प्रतियोगिताओं में भाग ले रहे हैं। सुभाष हॉस्टल के खेल मैदान में विद्यार्थियों के विशाल समागम के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। विश्वविद्यालय बैंड की अगुवाई में निकली शोभायात्रा और औपचारिक परेड आकर्षण का केंद्र रही, जिसमें छात्र प्रतिनिधि रंग–बिरंगे पट्टों के साथ परिसर की एकता और विविधता का संदेश देते नजर आए। मुख्य अभिरक्षक एवं संयोजक प्रो. अनूप कुमार सिंह ने स्वागत भाषण दिया। मशाल प्रज्वलन और गुब्बारों के विमोचन के साथ प्रतियोगिताओं का शुभारंभ किया गया।




सीएस की टीम ओवरऑल ट्रॉफी के साथ।

### सीएस ने जीती चैंपियनशिप ट्रॉफी

**अमृत विचार , लखनऊ :** एसआर ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन्स में आयोजित खेल महाकुंभ 'शौर्य स्पोर्ट्स मीट' का समापन शनिवार को उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। पिछले वर्ष की चैंपियन कंप्यूटर साइंस (सीएस) विभाग ने लगातार दूसरी बार ओवरऑल चैंपियनशिप ट्रॉफी अपने नाम कर बादशाहत कायम रखी। समापन समारोह में संस्थापक अध्यक्ष एवं एमएलसी पवन सिंह चौहान तथा जिलाधिकारी विशाख जी ने विजेता खिलाड़ियों को पदक पहनाकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने कहा कि खेल अनुशासन, नेतृत्व और टीम भावना के विकास का सर्वोत्तम माध्यम हैं तथा युवाओं को सकारात्मक दिशा देते हैं। अंतिम दिन क्रिकेट पुरुष वर्ग में सीएस विभाग विजेता और आईटी उपविजेता रहा।



शोभायात्रा में शामिल भक्त।

### तेलीबाग में निकली श्याम शोभायात्रा

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के तेलीबाग में सनातनियों ने श्याम शोभायात्रा का आयोजन किया। तेलीबाग बाजार में स्थित वरदानी हनुमान मंदिर से श्याम भक्तों ने इस शोभायात्रा की शुरुआत की। इस यात्रा में क्षेत्रीय सभासद केएन सिंह के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। शोभायात्रा तेलीबाग के वरदानी हनुमान मंदिर से शुरू हुई। इस दौरान श्याम निशान लिये भक्तों ने जयकारे लगाए। श्याम शोभा यात्रा का भ्रमण लगभग 10 किलोमीटर तक हुआ। श्याम भक्त अमन कपूर, रेनू कपूर, चंदन, श्याम, राहुल, बबलू, अदिति, पूजा ने कार्यक्रम की अगुवाई करते हुए अहम भूमिका निभाई।




जेईई मेन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र।

### जेईई मेन छात्रों का सम्मान

**अमृत विचार, लखनऊ :** नारायण ई–टेक्नो स्कूल जानकीपुरम ने जेईई मेन में उत्कृष्ट परसेंटाइल प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के सम्मान में समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर श्यामल शुक्ला (99 .34 प्रतिशत), रूद्राक्ष पटेल (96 .43 प्रतिशत), विश्वाश सिंह मोर्य (95 .39 प्रतिशत), हर्षिता सिंह (91.97 प्रतिशत), पियूष कुमार यादव (90 .48 प्रतिशत), अभिनव पांडेय (89 .78 प्रतिशत), आयुष कुमार (87 .04 प्रतिशत) और अनमोल (85 .31 प्रतिशत) को सम्मानित किया गया।